दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 20 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 24

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मल्लिकार्जुन खड़गे होंगे कांग्रेस के नए अध्यक्ष, मिले 7,897 वोट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस पार्टी में 24 साल के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे पार्टी के नए अध्यक्ष के रूप में कमान संभालने जा रहे हैं। अध्यक्ष पद पर हुए चुनाव के बाद वोटों की गिनती में खड़गे को 7,897 वोट हासिल किए हैं और थरूर को 1072 वोट हासिल हुए हैं। इसके साथ ही 416 वोट अमान्य हुए हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे के समर्थक कांग्रेस मुख्यालय में जुटना शुरू हो गए हैं और ढोल नगाड़े भी बजाए जा रहे हैं। शशि थरूर ने मल्लिकार्जुन खड़गे को चुनाव में जीत की बधाई दी है। थरूर ने कहा कि कांग्रेस का अध्यक्ष बनना बड़े सम्मान, बड़ी जिम्मेदारी की बात है। मैं मल्लिकार्जुन खड़गे को इस चुनाव में उनकी सफलता के लिए बधाई देता हूं। कांग्रेस अध्यक्ष पद का स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में अपना योगदान देने के लिए मैं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी का धन्यवाद करता हूं। कांग्रेस पार्टी के 137 साल के इतिहास में अभी तक अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ 6 बार चुनाव हुए हैं। कांग्रेस में 1939, 1950, 1977, 1997 और 2000 में चुनाव हुए थे और अब 22 वर्षों के बाद अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हो रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस चुनाव में 24 साल बाद गांधी परिवार के बाहर कोई नेता कांग्रेस पार्टी की कमान संभालेगा।

### बेगूसराय में चिमनी संचालक की गोली मारकर हत्या

**बेगूसराय (आरएनएस)।** बिहार में बेगूसराय जिले के मंसूरचक थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक चिमनी संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि बाजपुर गांव निवासी चिमनी संचालक राजेश झा (45) मंगलवार की देर रात अपनी चिमनी पर सोया हुआ था। इस दौरान अपराधियों ने राजेश झा की गोली मारकर हत्या कर दी। सूत्रों ने बताया कि हत्या के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### प्रश्नपत्र में कश्मीर को अलग देश बताया, शिक्षा मंत्री ने दिए जांच के आदेश; कहा- होगी कार्यवाई

**पटना (आरएनएस)।** बिहार के किशनगंज में सातवीं कक्षा (वर्ग) के अर्धवार्षिक परीक्षा में अंग्रेजी के प्रश्न पत्र में कश्मीर को अलग देश बताये जाने के मामले को तूल पकड़ने के बाद राज्य के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने जांच के आदेश देते हुए कहा कि जो भी दोषी पाया जाएगा, इस पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने साथ में यह भी कहा कि सभी स्कूलों में रविवार को ही साप्ताहिक छुट्टी होगी। किशनगंज के सातवीं कक्षा में कश्मीर को अलग देश बताते हुए एक प्रश्न पूछा गया था। छात्रों से परीक्षा में यह प्रश्न पूछा गया कि पांच देशों- चीन, नेपाल, इंग्लैंड, कश्मीर और भारत के लोगों को क्या कहा जाता है। ये प्रश्न पत्र बीते मंगलवार को जमकर वायरल हुआ। इसके बाद भाजपा ने सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए निशाना साधा। इसको लेकर चंद्रशेखर ने बुधवार को कहा कि जिसने भी ये गलती की है, चाहे वो वरिष्ठ पदाधिकारी ही क्यों न हो इसे चूक नहीं माना जाएगा। इस मामले की जांच होगी और कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी को जांच के लिए कहा गया है। शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि ऐसा नहीं लगता है कि ये जानबूझकर किया गया है। इसके बावजूद भी जाने में या अनजाने में गलती हुई हो तो भी कार्रवाई होगी। इधर, शिक्षा मंत्री से जब यह पूछा गया कि कई स्कूलों में शुक्रवार को साप्ताहिक अवकाश दिया जाता है, तब उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में एक नियम एक कानून चलेगा जो पूरे देश में चल रहा है। रविवार की छुट्टी है और वही चलेगा।

### पीईडी ने कोल्हापुर में विदेशी शराब और वाहन किया जब्त

**कोल्हापुर (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के सरनोबतवाड़ी गांव में मद्य निषेध एवं आबकारी विभाग (पीईडी) ने छापेमारी कर गोवा में बनी अवैध विदेशी शराब और एक आयशर ट्रक जब्त किया है। आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एक गुप्त सूचना पर पीईडी अधिकारियों ने एक ट्रक पर छापा मारकर विभिन्न विदेशी ब्रांड की गोवा निर्मित शराब की कुल 135 पेटी जब्त की है। इन्हें एक ट्रक में छिपा गया था। पीईडी अधिकारियों ने बताया कि जब्त की गई शराब की कीमत 17.73 लाख रुपये मूल्य की है और इस सिलसिले में उस्मानाबाद जिले के जेऱगांव के सौरभ सतीश भोकले (22) को गिरफ्तार किया है। पीईडी और पुलिस मामले की जांच कर रहे है।

## श्री श्री रविशंकर ने किया देश के पहले कंटेनरीकृत ऑक्सीजन जेनरेटर ट्रक; ऑक्सीएड और मेडिकल ऑक्सीजन ग्रिड निर्माण का उद्घाटन

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** वैश्विक मानवीय नेता और शांतिदूत गुरुदेव श्री श्री रविशंकर ने राष्ट्रीय मेडिकल ऑक्सीजन ग्रिड परियोजना के अंतर्गत आर्ट ऑफ लिविंग अंतरराष्ट्रीय केंद्र में सिलेंडर फिलिंग स्टेशन के साथ भारत के पहले आईओटी-सक्षम मोबाइल मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन किया। इस परियोजना का मूल आधार ऑक्सीजन उत्पादन के नियंत्रित स्रोत, सिलेंडर फिलिंग स्टेशन और एक कार्यात्मक वितरण नेटवर्क के लिए एक मजबूत तंत्र बनाना है ताकि अंतिम दूरी तक मेडिकल ऑक्सीजन की उपलब्धता और वितरण सुनिश्चित हो सके। परियोजना के हिस्से के रूप में, पहली बार आईओटी-सक्षम कंटेनरीकृत ऑक्सीजन जेनरेटर ट्रक को हरी झंडी दिखाई गई। यह पहल ग्रामीण और शहरी भारत को सुलभ और सस्ती मेडिकल-ग्रेड ऑक्सीजन की आपूर्ति के द्वारा सशक्त बनाएगी। उद्घाटन के समय गुरुदेव ने कहा, यह एक बहुत ही आवश्यक समाधान है जिसे कई वैज्ञानिकों के सहयोग से विकसित किया गया है।यह कम लागत वाला समाधान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में चिकित्सा ऑक्सीजन की आपूर्ति में सहायता कर सकता है। आर्ट ऑफ लिविंग इसकी जानकारी देने और गांवों में इसे वितरित करने में पूरी तरह से सहयोग करेगा। यह देखते हुए कि भारत की अधिकांश आबादी गांवों में केंद्रित है और कई गांव अभी भी बड़े नगरों और शहरों से अच्छी तरह से जुड़े हुए नहीं हैं, यह ग्रामीण-भारत केंद्रित डिजाइन ग्रामीण इलाकों में सुदूर स्थानों तक वितरण और चिकित्सा ऑक्सीजन की उपलब्धता संभव और सुनिश्चित करेगा।




ऑक्सीएड के संस्थापक श्री मल्लिकार्जुन दंडीनावर ने कहा, आइए हम यह स्पष्ट कर दें कि इस अवधारणा की कल्पना कोविड-19 महामारी के कारण नहीं की गई थी, हालांकि इस दौर में पूरे देश में चिकित्सा ऑक्सीजन की मांग में अचानक वृद्धि हुई थी। यह नेशनल मेडिकल ऑक्सीजन ग्रिड गांवों से शहरों की ओर मरीजों के प्रवास को रोकने के मूल उद्देश्य के साथ ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे की मजबूत नींव रखने का एक प्रयास है। यह योजना आईओटी प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर हमारे सरकारी अस्पतालों की जवाबदेही, कौशल और सशक्तिकरण सुनिश्चित करेगी।

परियोजना का उद्देश्य पांच मुख्य चुनौतियों का समाधान करना है: उपलब्धता, पहुँच, खर्च वहन सामर्थ्य, जवाबदेही और बुनियादी ढांचा। चुनौतियों का समाधान इस प्रकार किया जाएगा:-

1) उपलब्धता, दरवाजे पर !

यह गरीबों की समस्या का समाधान करेगा क्योंकि ऑक्सीजन संयंत्र आमतौर पर औद्योगिक क्षेत्रों में दूर स्थित होते हैं और डीलर तालुका में नहीं केवल शहरों में होते हैं, जो निश्चित घंटों तक काम करते हैं।

2) सुलभता : तालुका और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ऑक्सीजन सिलेंडर बैंक का निर्माण होगा और भंडारण नियंत्रण के लिए आईओटी तकनीक का लाभ लिया जाएगा।

3) खर्च वहन सामर्थ्य : हमें सरकारी अस्पतालों में एक मरीज पर प्रति घंटे 60 रुपये और निजी अस्पताल में इसका 3-5 गुना अधिक खर्च करना पड़ता है। यह परियोजना जरूरतमंदों को मुफ्त ऑक्सीजन सुनिश्चित करने के लिए एक क्रॉस सब्सिडी तंत्र पर काम करेगी। उद्घाटन परियोजना में ऑक्सीजन भरने की लागत को वर्तमान में 200 रुपये से 80 घटाकर रुपये प्रति सिलेंडर कर दिया गया है।

4) जवाबदेही , सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन की चोरी को रोकना। ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्रों में आईओटी की तैनाती से सही मात्रा, शुद्धता, दबाव और संचालन की अवधि सुनिश्चित होगी।

5) बुनियादी ढांचा,

1. मौजूदा बुनियादी ढांचे का लाभ उठाकर, शहर की सीमा के भीतर सुलभ फायर ब्रिगेड स्टेशनों को भी ऑक्सीजन सिलेंडर फिलिंग स्टेशनों में परिवर्तित करना।

2. मौजूदा जनशक्ति को प्रशिक्षित करना, इस प्रकार घर पर स्थित व सरकारी और निजी अस्पतालों में स्थित मरीजों को 24 & 7 & 365 दिन ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करना।

3. इस योजना की परिकल्पना एक बड़े और घनी आबादी वाले देश में सुदूर स्थानों तक वितरण सुनिश्चित करने के लिए एक ग्रामीण-भारत केंद्रित डिज़ाइन के रूप में की गई है।

4. यह एक राष्ट्रीय मिशन है जो हमारे संविधान में निहित पहले मौलिक अधिकार जीवन के अधिकार को सुनिश्चित करता है।

## शोपियां में मारा गया लश्कर का हाइब्रिड आतंकवादी, गोला-बारूद सहित आपत्तिजनक सामग्री जब्त

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर में दो गैर स्थानीय प्रवासी मजदूरों पर ग्रनेड फेंक हत्या किये जाने के मामले में गिरफ्तार लश्कर-ए-तैयबा का एक हाइब्रिड आतंकवादी शोपियां जिले में छापेमारी के दौरान मारा गया।

पुलिस ने बताया कि इमरान बशीर गनी एक हाइब्रिड (यह शब्द पुलिस ने उन आतंकवादियों के लिए बनाया जो आतंकी घटनाओं में शामिल होने के बाद वापस सामान्य जीवन में लौट आते है जिससे उनका पुलिस रिकार्ड नहीं बन पाता) आतंकवादी था। पूछताछ में उसके खुलासे के आधार पर मारे गये एक छापे के दौरान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान वह मारा गया।



पुलिस ने बुधवार को एक ट्वीट में कहा, गिरफ्तार हाइब्रिड आतंकवादी के खुलासे के आधार पर और पुलिस और सुरक्षा बलों ने लगातार छापेमारी की, शोपियां के नौगाम में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच एक और मुठभेड़ हो गयी, जिसमें हाइब्रिड आतंकवादी इमरान बशीर गनी एक अन्य आतंकवादी की गोली लगने से मारा गया। पुलिस ने कहा कि मुठभेड़ स्थल से हथियार और गोला-बारूद सहित आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है। पुलिस ने कहा, तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले के हरमैन में सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को हुए ग्रेनेड हमले में उत्तर प्रदेश के कनौज निवासी दो गैर स्थानीय प्रवासी मजदूर मनीष कुमार और राम सागर की मौत हो गई। पुलिस की जांच से पता चला है कि मजदूरों के आवास पर ग्रेनेड लश्कर-ए-तैयबा के हर्मेन शोपियां के हाइब्रिड आतंकवादी इमरान गनी ने फेंका था। पुलिस ने कहा कि इमरान को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में उसके सहयोगी को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

## पाक बॉर्डर के पास एयरबेस बनाएगा भारत, डिफेंस एक्सपो के दौरान पीएम मोदी ने रखी आधारशिला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गांधीनगर में डिफेंस एक्सपो 2022 का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने भारत-पाकिस्तान सीमा के पास दीसा में एक नए एयरबेस की आधारशिला भी रखी और कहा कि यह नया एयरबेस देश की सुरक्षा के लिए एक प्रभावी केंद्र के रूप में उभरेगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि गुजरात भारत में रक्षा का केंद्र बनेगा और भारत की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं स्क्रीन पर देख रहा था कि दीसा के लोग नए हवाई क्षेत्र के



निर्माण को लेकर उत्साहित थे। यह हवाई क्षेत्र एक प्रमुख भूमिका निभाएगा। दीसा अंतर्राष्ट्रीय सीमा से केवल 130 किमी दूर है। यदि हमारी सेना विशेष रूप से हमारी वायु सेना दीसा में मोर्चा संभालती है तो हम पश्चिमी तरफ से आने वाले किसी भी खतरे का बेहतर जवाब दे पाएंगे। हालांकि उन्होंने इस दौरान पाकिस्तान का नाम नहीं लिया।

इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह पहला ऐसा 'डिफेंस एक्सपो' है, जिसमें केवल भारतीय कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ मुक्त व्यापार के लिए समुद्री सुरक्षा आज दुनिया की प्राथमिकता बन रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय रक्षा उत्पादों का निर्यात पिछले आठ वर्षों में आठ गुना बढ़ा है। रक्षा बल 101 वस्तुओं की एक सूची जारी करेंगे जिनके आयात पर प्रतिबंधित लगाया जाएगा, इसके साथ ही रक्षा क्षेत्र के 411 साजो-सामान व उपकरण ऐसे होंगे जिन्हें भारत में ही बनाया जाएगा।

## दंगों के आरोपी 12 साल के बच्चे पर एक्शन, 2.9 लाख रुपए की वसूली का नोटिस जारी

**भोपाल (आरएनएस)।** मध्य-प्रदेश के खरगोन जिले के एक 12 साल के बच्चे को दो लाख 90 हजार रुपये की वसूली का नोटिस भेजा गया है। यह बच्चा बीते साल रामनवमी पर हुए दंगों का आरोपी है। इस नोटिस पर एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी ने तंज कसते हुए कहा कि मुसलमानों से इतनी नफरत कि अब बच्चों से वसूली लेंगे? ज्ञात हो कि राज्य में पत्थरबाजी और अन्य हिंसक घटनाओं को रोकने के साथ शासकीय और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों पर कार्यवाही के लिए एक कानून बनाया गया है प्रिवेंशन एंड रिकवरी ऑफ डैमेज टू पब्लिक



प्रॉपर्टी। इस कानून में संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर वसूली का प्रावधान है।

सरकार द्वारा सरकारी और निजी संपत्ति पहुंचाने के लिए बनाए गए कानून के तहत ट्रिब्यूनल का भी गठन किया गया है। इस ट्रिब्यूनल में कुल 343 शिकायतें की गई थी जिसमें से 34 को स्वीकार किया गया और छह मामले निपटाए जा चुके हैं। इसमें से एक मामला है खरगोन का।

मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, खरगोन में बीते साल 10 अप्रैल को रामनवमी के मौके पर हिंसा भडक़ी थी। यहां की एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रामनवमी पर हुई हिंसा में उसकी संपत्ति को नुकसान हुआ है, बच्चे ने उनके घर में घुसकर लूटपाट की। बच्चे के माता पिता बच्चे को नाबालिग बता रहे हैं। वहीं ट्रिब्यूनल ने जो राशि तय की है उसकी भरपाई माता-पिता को करनी होगी। इस मामले में एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी की भी एंट्री हो गई है। उन्होंने ट्वीट कर कहा है, मध्य प्रदेश के कानून के तहत एक 12 साल के बच्चे को मुजरिम बना दिया गया है। किशोर न्याय कानून कहता है कि.. किसी बालक के बारे में यह उपधारणा की जाएगी कि वह असद्भाव पूर्ण या आपराधिक आशय दोषी नहीं, मुसलमानों से इतनी नफरत कि अब बच्चों से वसूली लेंगे?

## एनआईए ने संभाली बंगाल के मोमिनपुर हिंसा की जांच

**कोलकाता (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को कोलकाता के मोमिनपुर में 9 अक्टूबर को हुई सांप्रदायिक हिंसा की जांच अपने हाथ में ले ली। केंद्रीय एजेंसी को आशा है कि उसके द्वारा दर्ज प्राथमिकी की एक प्रति बुधवार को कोलकाता की निचली अदालत में प्रस्तुत हो जाएगी और फिर वह आधिकारिक तौर पर कोलकाता पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच अपने हाथ में ले लेगी।

इसके पहले 12 अक्टूबर को कलकत्ता उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति मैनपुरी जोयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति अपूर्व सिन्हा रे की खंडपीठ के आदेश पर एसआईटी का गठन किया गया था। इसका नेतृत्व कोलकाता के पुलिस आयुक्त विनीत कुमार गोयल कर रहे थे।

खंडपीठ ने मामले में एनआईए जांच के लिए कोई आदेश नहीं दिया था। केंद्रीय एजेंसी से जांच होगी या नहीं, यह केंद्रीय गृह मंत्रालय के विवेक पर छोड़ दिया था।

खंडपीठ ने एसआईटी को दो सप्ताह के भीतर मामले में कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने के और राज्य सरकार को हिंसा से प्रभावित लोगों को मुआवजे का भुगतान करने व अदालत द्वारा की गई कार्रवाई पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। मामले में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस को संबंधित वीडियो फुटेज इक_ा करने के लिए भी कहा गया था।

कोर्ट के निर्देश के अनुसार एसआईटी ने जांच शुरू की और पांच प्राथमिकी दर्ज की। अब तक एसआईटी ने मामले में 57 लोगों को गिरफ्तार किया है।

मोमिनपुर में दो गुटों के बीच हुई भिड़ंत में शहर के पुलिस उपायुक्त समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर शहर के अशांत क्षेत्रों में केंद्रीय बलों के जवानों की तैनाती की मांग की। उन्होंने सुकांत मजूमदार को हिरासत में लेने और प्रभावित क्षेत्र में जाने के उनके उनके लोकतांत्रिक अधिकार से इनकार करने पर शहर पुलिस की आलोचना भी की। अधिकारी ने कहा कि चाहे जितनी कोशिश कर लो, लेकिन आप भाजपा को नहीं रोक पाएंगे।

## केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने पूरे भारत के लिए मेगा स्वच्छता अभियान का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज दिल्ली के चांदनी चौक से स्वच्छ भारत 2022 के अंतर्गत पूरे भारत में मेगा स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर युवा कार्यक्रम और खेल विभाग के सचिव संजय कुमार तथा मंत्रालय के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। इसी तरह के स्वच्छता अभियान 19 अक्टूबर 2022 को देश भर के गांवों और जिलों में चलाए जा रहे हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए ठाकुर ने कहा कि स्वच्छ भारत केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह आम आदमी की वास्तविक चिंताओं और इस मुद्दे को दूर करने के उनके संकल्प को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा 'जनभागीदारी से जन आंदोलन' की बात को दोहराया है और युवाओं की भागीदारी के बिना कोई भी अभियान अधूरा है। उन्होंने आगे कहा कि स्वच्छ भारत के



सपने को पूरा किए बिना एक नए भारत और एक विकसित भारत के सपने को पूरा नहीं किया जा सकता है। ठाकुर ने कहा कि एक महीने की अवधि में एक करोड़ किलो ग्राम कचरा इक_ा करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी और हम 18 दिनों में 84 लाख किलो ग्राम प्लास्टिक कचरा एकत्र कर चुके हैं और अपने लक्ष्य के पार जाने को तैयार हैं। यह स्वच्छता कार्य देश के जिलों के ऐतिहासिक स्थलों, सामुदायिक केन्द्रों, विद्यालयों, गांवों तथा अन्य स्थानों पर किया गया। बहुत सारे लोग और विशेष रूप से युवा, अपनी पृष्ठभूमि और जुड़ाव के इतर, न सिर्फ इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं बल्कि दूसरों को भी इस पूरी तरह से स्वैच्छिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित करने और प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ठाकुर ने कहा कि स्वच्छता के बिना हम लोगों के अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित नहीं कर सकते। केंद्रीय मंत्री ने आग्रह किया कि हमें 'स्वच्छ भारत' का दूत बनना होगा। इसके लिए हमें जागरूकता पैदा करने और लोगों की मानसिकता बदलने की जरूरत है। मंत्री महोदय ने युवाओं से अपने आसपास के वातावरण को साफ रखने के लिए दीपावली के दो दिन समर्पित करने का भी आग्रह किया। अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा 1 अक्टूबर 2022 से प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में एक महीने के राष्ट्रव्यापी स्वच्छ भारत 2022 कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था। स्वच्छ भारत 2022 कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस), उससे जुड़े यूथ क्लबों और राष्ट्रीय सेवा योजना से संबद्ध संस्थानों के नेटवर्क के माध्यम से देश भर के 744 जिलों के 6 लाख गांवों में आयोजित किया जा रहा है।

इसका उद्देश्य युवा कार्यक्रम विभाग और उसके सहयोगी संगठनों एनवाईकेएस और एनएसएस द्वारा स्वच्छ भारत 2022 के प्रयासों को मजबूत करना और देश भर के सभी गांवों में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करके इस अभियान में जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए गतिविधियों को और तेज करना है। एक सरल शुरुआत ही महान परिवर्तन और बड़े कायापलट की ओर ले जा सकती है। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा शुरू किया गया स्वच्छ भारत कार्यक्रम इसी बात की गवाही देता है। ये कार्यक्रम अपने आकार और पहुंच, दोनों लिहाज से अनूठा है और इसे युवा भागीदारी से जन आंदोलन के मॉडल पर सोचा गया है और इसके माध्यम से इस कार्यक्रम की सफलता और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक नागरिक की भूमिका और योगदान को हासिल किया गया है। इस पहल का प्रमुख प्रेरक तत्व – अपने अपने साइलोज़ को भूलकर सभी हितधारकों के बीच समन्वय और तालमेल का रहा है। विभिन्न विभाग/एजेंसियां, सीबीओ और नागरिक समाज संगठन, ये सभी सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करने और स्वच्छता सुनिश्चित करने के साझा लक्ष्य को साकार करने के लिए एक साथ आए हैं।